एस. गोपालाकृष्णन
अध्यक्ष
S. Gopalakrishnan
Chairman

भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग
Government of India
Staff Selection Commission
ब्लाक सं. 12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
Block No. 12, CGO Complex,
Lodhi Road, New Delhi-110003

संदेश

हिंदी दिवस के अवसर पर कर्मचारी चयन आयोग (मुख्यालय) और क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी कार्मिकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भाषा भावों एवं विचारों की जननी और संवाहिका है। हिंदी भाषा भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति और संस्कारों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। यह एक ऐसी भाषा है जिसकी साहित्यिक विरासत समृद्ध और विविध है, जो प्राचीन महाकाव्यों और भक्ति काव्यों से लेकर आधुनिक लेखन तक फैली हुई है। हिंदी भाषा भारतीय लोगों के इतिहास, संस्कृति तथा मूल्य के साथ उनके संबंधों को दर्शाती है।

अपने बढ़ते वर्चस्व के कारण हिंदी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली एवं प्रचलित भाषाओं में से एक है। इसे ध्यान में रखते हुए ही हमारी संविधान सभा ने दिनांक 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया था। तब से लेकर प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज हमारा देश लोक कल्याणकारी राज्य की जिस संकल्पना को साकार करने के लिए सतत प्रयासरत है, उसमें हिंदी भाषा सरकार की विकासपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा उन योजनाओं में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करने में अभूतपूर्व योगदान दे रही है।

मुझे प्रसन्नता है कि कर्मचारी चयन आयोग मुख्यालय में 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2025 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है और इस दौरान राजभाषा हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी दिवस के अवसर पर मैं आयोग (मुख्यालय) और इसके समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यह भी अपेक्षा करता हूं कि वे हिंदी को व्यवहारोन्मुख बनाएं।

एक बार पुनः मेरी ओर से सभी साथियों को हिंदी दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं।

(एस. गोपालाकृष्णन)

नई दिल्ली
14 सितंबर, 2025

Tel. (Off.): 011-24361359, 24366057 | E-mail : chairmanssc@gmail.com
Website: https://ssc.gov.in